# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
## हल्द्वानी

## महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

माह दिसम्बर, 2019

# <u>पंचम दीक्षान्त समारोह</u>

<u>दिनांक 03 दिसंम्बर, 2019</u>

विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह दिनांक 03 दिसम्बर, 2019 (मंगलवार) को आयोजित किया गया दीक्षान्त समारोह में माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षान्त भाषण दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 धन सिंह रावत, उच्च शिक्ष मंत्री मौजूद रहे।




*दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करते माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपधि महोदय, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, मा0 कुलपति, कुलसचिव व मानद उपाधि धारक*

समारोह में विश्वविद्यालय में वर्ष 2017–18 में पीएच0डी0 (शोध उपाधि)/स्नातक/स्नातकोत्तर/ पी0जी0 डिप्लोमा/ डिप्लोमा/ प्रमाण–पत्र/ स्नातक एकल विषय में 8, 404 तथा वर्ष 2018–19 में उक्त पाठ्यक्रमों में 14, 246 कुल 22,650 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। पीएच0डी0 (शोध उपाधि)/स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी0जी0 डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण कुल 19,792 विद्यार्थियों को दीक्षान्त समारोह में उपाधियां एवं 48 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये जिसमें 39 नियमित स्वर्ण पदक, 03 कुलाधिपति स्वर्ण पदक तथा 06 प्रायोजित स्वर्ण पदक (Sponsored Madel) माननीय श्री राज्यपाल कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदान किये गये।

समारोह में मा0 कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय की वर्ष 2018–19 का वार्षिक प्रगति आख्या का प्रस्तुतिकरण किया गया।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय–आठ 'मानद उपाधि प्रदान करना' (धारा 5 (चार)) परिनियम 36(4) में वर्णित व्यवस्थानुसार माननीय श्री राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के 02 विशिष्ट व्यक्तियों– पंडित श्री विद्यादत्त शर्मा (उनियाल) तथा श्री लवराज सिंह धर्मशक्तु, असिसटेंट कमांडेंट, भारतीय सुरक्षा बल (BSF) को विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में माननीय श्री राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया द्वारा मानद उपाधि (Honoris Causa) प्रदान की गई।



*पंडित श्री विद्यादत्त शर्मा (उनियाल) को मानद उपाधि प्रदान करते मा0 श्री राज्यपाल व डॉ0 धन सिंह रावत जी*




*श्री लवराज सिंह धर्मशक्तु, असिसटेंट कमांडेंट, भारतीय सुरक्षा बल को मानद उपाधि प्रदान करते मा0 श्री राज्यपाल व डॉ0 धन सिंह रावत जी*

निम्न शोधार्थियों को मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा पीएच0डी0 (शोध उपाधि) उपाधि प्रदान की गई–

| SNO. | Name | Enrolment/Registration No. | Subject | Title of thesis |
|---|---|---|---|---|
| 1- | KUMAR NALIN<br>कुमार नलिन | 12027925 | History | GANDHI AND MAO : A COMPARATIVE STUDY OF THEIR APPROACHES/STRATEGIES AND RELEVANCE IN THE MODERN CONTEXT |
| 2- | SUNITA SANGURI<br>सुनीता सांगुडी | 12027642 | Management Studies | A Study of Economic Empowerment of Marginalised Sections of Society through Financial Inclusion |
| 3- | LT. COL. RAJINDER SINGH KOHLI<br>ले0 कर्नल राजिन्दर सिंह कोहली | 12035103 | Management Studies | Professional Stress and Spiritual Intelligence : A Study of Corporate and Government Executives |
| 4- | HARISH CHANDRA LAKHERA<br>हरीश चंद्र लखेडा | 11015687 | Journalism | स्थानीयकरण और समाचार पत्र उत्तराखण्ड में प्रमुख : मुद्दों के निर्माण में भाषाई समाचार पत्रों की भूमिका |
| 5- | DEEP CHANDRA<br>दीप चन्द्रा | 13040440 | Management Studies | An Assessment of Credit Risk Management and Financial Performance of Banks : A Case of Nainital Bank Limited |
| 6- | UMA PANDEY PADALIA<br>उमा पाण्डेय पडलिया | 13040448 | Education | उत्तराखण्ड के कुमाऊँ क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यॉकन हेतु अपनायी जा रही प्रविधियों का आलोचनात्मक अध्ययन |
| 7- | DINESH CHANDRA KANDPAL<br>दिनेश चन्द्र काण्डपाल | 12027660 | Education | STUDY OF RIGHT AND LEFT HANDED ADOLESCENT STUDENTS IN RELATION TO THEIR EGO IDENTITY, INTELLECTUAL ABILITY, ACADEMIC ACHIEVEMENT AND SOME RELEVANT SOCIAL VARIABLES |
| 8- | PRIYANKA SANGURI FULARA<br>प्रियंका सांगुडी फुलारा | 13040404 | Education | Study of decision making style of Principals of senior secondary schools in relation to their emotional intelligence, teaching experience, sex, and type of institution |
| 9- | BHUWAN CHANDRA TEWARI<br>भुवन चन्द्र तिवारी | 12027911 | Education | STUDY OF EMOTIONAL INTELLIGENCE, SATISFACTION WITH LIFE AND HAPPINESS OF SENIOR SECONDARY SCHOOL TEACHERS IN RELATION TO SELECTED SOCIO-EDUCATIONAL VARIABLES |
| 10- | PRAMILA SUYAL<br>प्रमिला सुयाल | 13042620 | Education | उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षण हेतु प्रयुक्त शिक्षण विधियों का आलोचनात्मक अध्ययन |
| 11- | MANISHA PANT<br>मनीषा पन्त | 13040699 | Education | उच्च शिक्षण संस्थानों के विविध पक्षों से सम्बन्धित गुणवत्ता मानकों के सन्दर्भ में उत्तराखण्ड की महाविद्यालयी शिक्षा की स्थिति का आलोचनात्मक अध्ययन |



*श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा पीएच0डी0 (शोध उपाधि) उपाधि प्रदान की गई*



*उपरोक्त वद्यार्थियों को मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये गये*

List of Gold Medalist is attached (संलग्नक–क)

विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में प्रो0 ब्राम वान डेर विवर जो कि IIE MSA, दक्षिण अफ्रीका से आये थे, ने भी प्रतिभाग किया। प्रो0 ब्राम 01 से 04 दिसंबर, 2019 तक उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का दौरा किया। वे डॉ0 जितेंद्र पांडे- सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस और आईटी के साथ डेटामाइनिंग के माध्यम से MOOCS शिक्षार्थियों की समस्याओं के मूल्यांकन पर एक सहयोगी अनुसंधान परियोजना में कार्य कर रहे हैं।



*प्रो0 ब्राम व डॉ0 जितेंद्र कुमार पाण्डे MOOCS पर चर्चा करते हुये।*

## एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक 16 दिसंबर, 2019 को व्यवसायिक शिक्षा को दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली (***Seminar on Vocational Education and Open & Distance Learning***) के माध्यम से प्रसार और बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के वोकेशनल स्कूल और यूसर्क, देहरादून की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् और अंतराष्ट्रीय कम्युनिकेशन के विशेषज्ञ प्रो0 पुष्पेश पंत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो0 डी0के0 सिंह मौजूद रहे। अतिथियों ने व्यवसायिक शिक्षा की महत्ता पर अपने–अपने विचार रखे।




*संगोष्ठी में प्रतिभाग करते प्रो0 पुष्पेश पंत व अन्य।*

माननीय कुलपति प्रो0 ओपीएस नेगी ने विश्वविद्यालय स्तर पर एक वोकेश्नल काउंसिल की स्थापना का विचार साझा किया जिससे ओर भी बेहतर पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जा सके तथा जो भी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किये जायेंगे उन्हें धरातल में उतारने का प्रयास विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।



*संगोष्ठी में प्रतिभाग करते विश्वविद्यालय के शिक्षक व अन्य अतिथिगण।*

विश्वविद्यालय द्वारा निम्न नवीन वोकेशनल पाठ्यक्रम सत्र 2020–21 से प्रारंभ किये जाने प्रस्तावित है–

- Certificate in Web Designing & Development
- Certificate in CCTV Installation & Maintenance
- Certificate in Video Editing
- Certificate in Digital Marketing & Management
- Certificate in Soft Skill & E- Office Management
- Certificate in Technology Enabled Education
- Diploma in Digital Marketing & Management
- Diploma in Soft Skill & E- Office Management
- Diploma in Technology Enabled Education




*संगोष्ठी में प्रतिभाग करते मा0 कुलपति जी*

## <u>विश्वविद्यालय ने गोद लिया हल्द्वानी का बसानी गॉव</u>

विश्वविद्यालय द्वारा नैनीताल जनपद के सुदूरवर्ती ग्राम –बसानी गॉव को गोद लिये जाने की योजना बना रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) के साथ बासानी गॉव को डिजीटल विलेज बनाने के लिए सरमाउण्ट पब्लिक स्कूल बसानी में कम्प्यूटर प्रदान भी किया।

इस आवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति जी ने कहा कि गॉव को शिक्षित तथा डिजिटल बनाने का प्रयास किया जायेगा। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय दूरस्थ इलाकों में शिक्षा की लौ जगाने का पूरा प्रयास कर रहा है।



*सरमाउण्ट पब्लिक स्कूल बसानी गॉव में कार्यक्रम के दौरान मा0 कुलपति प्रो0 नेगी व अन्य।*

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्यायन परिषद में आवेदन किये जाने के संबंध में

विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्यायन परिषद में आवेदन किये जाने के संबंध में वांछित सूचना एकत्रित करने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है | इसकी समीक्षा के लिए समय समय पर माननीय कुलपति व निदेशक अकादमिक की अध्यक्षता में बैठके भी आहूत की जा रही है | इसी कार्य को अधिक सुचारू व व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए CEMCA की तरफ से नामित प्रोफेसर सोनवीर चौधरी, पूर्व अध्यक्ष NCTE, पूर्व निदेशक SOE, IGNOU द्वारा भी तीन दिवसीय विश्वविद्यालय का दौरा किया गया |

इस दौरान उन्होंने कुलपति महोदय, विभिन्न विभागों के निदेशकों, अधिकारियों व विभिन्न विभागों के पाठयक्रमों के समन्वयकों से बैठके की तथा इस बात पर चर्चा की गई कि किस तरह से विश्वविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्यायन परिषद द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर चाही गई सूचना को कम से समय में तैयार कर सकता है तथा किस तरह से अधिक से अधिक अंक अर्जित कर सकता है | उनके द्वारा यह भी सुझाया गया कि इस कार्य को विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों में वितरित किया जाया ताकि सूचना हर विभाग से बिना किसी देरी के प्राप्त हो सके | आगामी माह में भी उनके द्वारा इस कार्य में हुई प्रगति की समीक्षा की जायेगी |

## विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2020–21 हेतु तीन नवीन पाठ्यक्रम हेतु यूजीसी को भेजा प्रस्ताव

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय नये सत्र 2020–21 के लिए तीन नये पाठ्यक्रमों को संचालित करने का प्रस्ताव यूजीसी को भेज रहा है। जिसमें Master of Business Administration – Hospitality Administration, Bachelor of Business Administration – Hospitality Administration के अतिरिक्त Bachelor of Library & Information Science शामिल है।

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में होटल प्रबन्धन में स्नातक – स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित कर रहा था लेकिन सत्र 2019–20 में एआईसीटी की संस्तुति के उपरांत यूजीसी ने विश्वविद्यालय के होटल प्रबन्धन के स्नातक – स्नतकोत्तर पाठ्यक्रम बंद करने के आदेश दे दिये थे। विश्वविद्यालय में होटल एवं प्रबन्धन विषय में अधिकतर छात्र वो होते हैं जो होटल एवं रेस्टोरेंटों में कार्यरत होते हैं समय का अभाव और रोजीरोटी के कारण वे संस्थागत विश्वविद्यालयों में पढ़ने में असमर्थ रहते हैं, इसे देखते हुये विश्वविद्यालय ने विचार किया कि वो नये पाठ्यक्रमों के रूप में संचालित करने के लिए यूजीसी को अतिथिय प्रबन्धन में बीबीए तथा एमबीए पाठ्यक्रमों को संचालित करने का प्रस्ताव भेजे गये है।

पुस्तकालय एवं सूचना विद्याशाखा विश्वविद्यालय में पहले से ही स्थापित है लेकिन उसके अंतर्गत अभी तक कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं किये जा रहे थे। विषय की उपयोगिता को देखते हुऐ अगले सत्र से बी0लिब0एस0सी (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक पाठ्यक्रम) संचालित करने का भी प्रस्ताव यूजीसी को भेजे गये है।

## सामाजिक सरोकार

### तीन दिवसीय विशेष शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के विशेष शिक्षा विभाग द्वारा विशेष शिक्षा में प्रमाण पत्र आधारभूत कार्यक्रम के विद्यार्थियों की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14–16 दिसम्बर 2019 को रूडकी आईआईटी स्थित अनुश्रुति विशेष विद्यालय में किया गया।



*कार्यशाल का उद्घाटन करते मा0 कुलपति प्रो0 नेगी।*

कार्यशाला के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओ.पी.एस. नेगी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी अपना शैक्षिक विकास करता है ओर विशेष शिक्षा के संदर्भ मे दूरस्थ शिक्षा मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही विद्यार्थियों को विशेष शिक्षा से संबंधित बच्चों के देखरेख, उनकी शिक्षा पुनर्वास एवं संरक्षण से सम्बंधित प्रशिक्षण लेने के उपरांत उस पर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ सिद्धार्थ पोखरियाल द्वारा 3 दिन से कार्यशाला में दिए जा रहे विभिन्न विशेषज्ञों के व्याख्यान के बारे में रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों से उम्मीद की कि इस प्रमाण पत्र के पाठ्यक्रम को प्राप्त करने के पश्चात वह विशेष शिक्षा के बच्चों के विद्यालयों में अपनी सेवा दे सकेंगे।




*कार्यशाला में प्रतिभाग करते मा0 कुलपति व अन्य अतिथिगण।*

विद्यालय के प्रबंधक प्रोफेसर एसपी हाण्डा द्वारा अनुश्रुति विशेष विद्यालय में इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन के लिए मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति को धन्यवाद ज्ञापित दिया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ आईपी यूनिवर्सिटी से आई डॉ शिवानी जैन बरेली रूहेलखंड विश्वविद्यालय के डॉ जितेंद्र प्रताप, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा से डॉक्टर रामशंकर सक्सेना और कैरोलिना हैजल द्वारा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए गए ।

## परीक्षा

- पंचम दीक्षान्त समारोह हेतु कुल 697 विद्यार्थियों द्वारा स्वयं विश्वविद्यालय से अपनी उपाधियां प्राप्त की गई जिसे परीक्षा विभाग द्वारा तैयार किया गया।
- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाएं दिसम्बर 2019 (दिनांक 16 दिसम्बर 2019 से 13 जनवरी 2020 तक) के सफल संचालन हेतु विश्वविद्यालय स्तर से 4 सदस्यों की औचक निरीक्षण टीमों द्वारा दिनांक 16–21 दिसम्बर 2019 व दिनांक 26–31 दिसम्बर 2019 तक Flying Squad का कार्य किया गया।
- उक्त परीक्षा से संबधित गोपनीय सामग्री परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाने व 24 दिसम्बर 2019 तक सम्पन्न परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय लाने हेतु दिनांक 12–15 दिसम्बर 2019 व 26–30 दिसम्बर 2019 तक 2–2 सदस्यों की 11 टीमें परीक्षा केन्द्रों में भेजी गई ।

- दिसम्बर माह में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से आवेदित 332 मूल उपाधियॉ एवं 57 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाणपत्र /सत्यापन वाहक/डाक से प्रेषित की गई।

## परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

वर्तमान में संचालित विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा माननीय कुलपति प्रो0 ओ0पी0एस0 नेगी द्वारा निम्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया–

- दिनांक 17/12/2019 को एम0बी0पी0जी0 कॉलेज, हल्द्वानी का औचक निरीक्षण।





- दिनांक 17/12/2019 को सरदार भगत सिंह महाविद्यालय, रूद्रपुर का निरीक्षण किया गया।

- दिनांक 18/12/2019 को राजकीय महाविद्यालय रामनगर का औचक निरीक्षण किया गया।





- दिनांक 19/12/2019 को राजकीय महाविद्यालय सितारगंज, उधम सिंह नगर का औचक निरीक्षण किया गया।



- दिनांक 19/12/2019 को राजकीय महाविद्यालय खटीमा, उधम सिंह नगर में निरीक्षण किया गया।



- दिनांक 19/12/2019 को राजकीय महाविद्यालय टनकपुर, चम्पावत का निरीक्षण किया गया।




- श्री भरत सिंह, कुलसचिव द्वारा दिनांक 21 से 28 दिसम्बर, 2019 तक पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, मुवानी, चम्पावत, नरायणनगर, बलुवाकोट व बेरीनाग के_परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

# <u>अकादमिक गतिविधियॉ</u>

- School of Computer & System Science, Jawaharlal Nehru University, New Delhi organised ATALAICTE Training and Learning Academy) Workshop on "Cyber Security" from 16-20 December, 2019. **Dr. Jeetendra Pande** delivered a lecture on "**Cybersecurity and Privacy Risk for IOT Devices**" on 19th Dec., 2019. The event was attended by 79 faculty participants throughout the country.

माह दिसम्बर, 2019 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा मोडरेशन कार्य, वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा, ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

****************

**(विश्वविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- ख)**